# भारतीय जनता पार्टी

केन्द्रीय कार्यालय
11, अशोक रोड, नई दिल्ली
फोन–23005700 फैक्स.23005787

## राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
## श्री मुख्तार अब्बास नकवी का प्रेस वक्तव्य

**नई दिल्ली 28 फरवरी** एक मार्च से भारतीय जनता पार्टी तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय परिषद की महत्वपूर्ण बैठक नई दिल्ली में होगी।

भाजपा उपाध्यक्ष श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बताया कि 1 मार्च को सायंकाल से राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शुरु होगी, जबकि 2 मार्च को प्रातः राष्ट्रीय परिषद की बैठक शुरु होगी एवं 3 मार्च को सायंकाल तक चलेगी।

श्री नकवी ने बताया कि भाजपा अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह के उद्वोधन से शुरु होने वाली कार्यकारिणी एवं परिषद की बैठक में देश के विभिन्न ज्वलन्त आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक विषयों पर चर्चा होगी

श्री नकवी ने बताया 1 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक चार सत्रों में होगी, 2 मार्च एवं 3 मार्च की राष्ट्रीय परिषद की बैठक नौ सत्रों में होगी, तीनों दिनों की बैठक **''सुशासन सकल्प–भाजपा विकल्प''** के मूल मंत्र के साथ आगामी राणनीति पर चर्चा करेगी।

श्री नकवी ने बताया कि कार्यकारिणी एवं परिषद में देश आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, हालात और चुनौतियों पर चर्चा होगी, भ्रष्टाचार, घोटाले, मंहगाई आन्तरिक सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे ज्वलंन्त मुद्दों पर परिषद चर्चा करेगी, **''अन्तोदय एवं सुशासन,,** के मुद्दों पर भी बात होगी।

श्री नकवी ने बताया कि बैठक में आने वाले चुनावों की तैयारियों एवं राणनिति पर भी चर्चा की जायेगी, कार्यकर्ताओं को **''सुशासन संकल्प और भाजपा विकल्प,,** के लक्ष्य को लेकर लोगों के बीच युद्ध स्तर पर अभियान चलाने हेतु संदेश दियाा जायेगा।

श्री नकवी ने बताया कि 2एवं 3 मार्च की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य, सभी सांसद लोकसभा एवं राज्यसभा, मोर्चो के राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव पदाधिकारीगण, मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष एवं महामंत्री, विधायक एवं विधान परिषद सदस्य, प्रदेश पदाधिकारीगण, प्रकोष्ठों के राष्ट्रीय संयोजक व सह–संयोजक, सभी जिला अध्यक्ष एवं महामंत्री तथा भाजपा के सभी महापौर एवं उप–माहपौर, जिला पंचायतों के अध्यक्ष, सभी संगठन मंत्री, प्रदेश प्रभारी सह–प्रभारी भाग लेगें। राष्ट्रीय कार्यकारिणी एन0डी0एम0सी0 कन्वेश्सन सेन्टर नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय परिषद, तालकटोरा इन्डोर स्टेडियम, नई दिल्ली में होगी।

**(ओ0 पी0 कोहली)**

**मुख्यालय प्रभारी**